प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 21.03.2025 समय: 7.10 PM

**मुख्य समाचार**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक अरब टन से अधिक कोयला उत्पादन के आंकड़े को पार करने की सराहना की।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव चम्बल क्षेत्र में कई कार्यक्रमों में हुए शामिल, करोड़ों की परियोजनाओं का भूमि पूजन ।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों का कल्याण सरकार की प्राथमिकता है।
- भारत ने 2030 में होने वाले शताब्दी राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन की आधिकारिक तौर पर दावेदारी की पेश ।

**अब समाचार विस्तार से....**

**पीएम-कोयला उत्पादन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज एक अरब टन से अधिक कोयला उत्पादन के आंकड़े को पार करने संबंधी भारत की उपलब्धि की सराहना की। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता के प्रति भारत की वचनबद्धता का परिचायक है। श्री मोदी ने कहा कि यह उपलब्धि इस क्षेत्र के साथ जुड़े सभी लोगों के समर्पण और कठिन परिश्रम को भी दर्शाती है। इससे पहले, कोयला और खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि उन्नत प्रौद्योगिकी और कुशल पद्धतियों से न केवल भारत ने अपना उत्पादन बढ़ाया है, बल्कि इसने सतत और जिम्मेदार खनन भी सुनिश्चित किया है।

**मुख्यमंत्री भिंड**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भिंड के मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र एलीक्सिर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के भूमिपूजन कार्यक्रम में शमिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मध्यप्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा विकसित औद्योगिक क्षेत्र पिपरसेवा, मुरैना में करीब 58 करोड़ की 11 औद्योगिक इकाइयों और ग्वालियर रेडीमेड गारमेंट पार्क में 31 करोड़ की 7 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि ग्वालियर-चंबल अंचल की अपनी विशिष्ट पहचान रही है और अब यहां मशीनों की गूंज

सुनाई देगी, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

**विधानसभा आठवां दिन**

विधानसभा में बजट सत्र के आठवें दिन बजट पर चर्चा जारी रही। आज दो दर्जन से अधिक विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा हुई। वहीं प्रश्नकाल के दौरान एक ऐसा मौका भी आया जब जवाब देते-देते मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल सदन में रो पड़े। प्रश्नकाल में विधायकों ने कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया। वहीं प्रश्नकाल में ही भाजपा विधायक नीरज सिंह ठाकुर ने बरगी विधानसभा क्षेत्र की भवन विहीन आंगनबाड़ी तो राजगढ़ से भाजपा विधायक अमर सिंह यादव ने नई जेल बनाए जाने की बात रखी। विधायक नितेन्द्र बृजेन्द्र सिंह राठौर ने संविदा कर्मी के रिटायरमेंट उपरांत सामाजिक सुरक्षा की जानकारी मांगी । इस पर मंत्री कृष्णा गौर ने सदन को बताया कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि संविदा नीति के तहत प्रदेश के समस्त संविदा कर्मियों को रिटायरमेंट के उपरांत सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से राष्ट्रीय सुरक्षा पेंशन और उपादान भुगतान की कार्यवाही की जाएगी।

**एनसीसी उपलब्धि**

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ एनसीसी निदेशालय ने प्रशिक्षण वर्ष 2024-2025 के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पूरे भारत में 17 निदेशालयों में चौथे स्थान प्राप्त किया है. निदेशालय ने 18 वर्षों के बाद पुन.यह स्थान हासिल किया है अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल **विक्रांत** एम दुमणे ने बताया कि ग्रुप कमांडरों के सम्मलेन में समूह कमांडरों ने अपने-अपने समूहों में अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया।

**लोकसभा-कृषि चर्चा**

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कृषि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसानों का कल्याण सरकार की प्राथमिकता है। लोकसभा में आज वर्ष 2025-26 के लिए के लिए कृषि मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा का उत्तर देते हुए श्री चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने पिछले दस वर्षों में कृषि क्षेत्र के लिए बजट में दस लाख करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया है।

**हाईकोर्ट आरक्षण**

जबलपुर हाईकोर्ट ने अन्य पिछड़ा वर्ग-ओबीसी आरक्षण से जुड़े मामले में एक याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी होने पर भी 13 फीसदी पद रिक्त

रखे जाएं। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने कहा कि जब तक सुप्रीम कोर्ट से 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण पर अंतिम फैसला नहीं होता, तब तक राज्य सरकार सभी भर्तियों के पद कैरी फॉरवर्ड नहीं करेगी। अब सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी।

**शीतला माता पूजा**

चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि को आज शीतला सप्तमी का पर्व मनाया जा रहा है। महिलाएं सुख सौभाग्य और आरोग्यता की कामना से शीतला माता का पूजन-अर्चन कर रही हैं। देवी को भोग में ठंडा भोजन अर्पित किया गया। मान्यता है शीतला माता के पूजन से संक्रमण जनित व्याधियों का नाश होता है। इसलिए शीत और ग्रीष्म ऋतु के संधिकाल में इस पूजन की परंपरा है। जबलपुर के सबसे प्रसिद्ध कांचघर स्थित शीतला माता मंदिर में महिलाओं की भारी भीड़ है।

**शहडोल पार्थ योजना**

शहडोल में खेल एवं युवक कल्याण विभाग पार्थ योजना के तहत युवाओं को चुनेगा, उन्हें नौकरी में कैसी सफलता मिले इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा। एक अप्रैल से प्रदेश के शहडोल सहित सभी दस संभागीय मुख्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो रहा है। दो महीने तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में 10वीं और 12वीं पास युवाओं को अवसर मिलेगा। इसके लिए 31 मार्च तक खेल एवं युवक कल्याण विभाग के कार्यालय में आवेदन लिया जाएगा।

**राष्ट्रमंडल खेल**

भारत ने 2030 में गुजरात के अहमदाबाद में शताब्दी राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन की आधिकारिक तौर पर दावेदारी पेश की है। भारत ने ऐसा कर वैश्विक खेल आयोजनों की मेजबानी की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। भारतीय राष्ट्रमंडल खेल संघ की अध्यक्ष पीटी उषा पीटी उषा ने पुष्टि की है कि राष्ट्रमंडल खेल महासंघ ने भारत के प्रस्ताव की प्राप्ति को स्वीकार कर लिया है।

**समाचार संक्षेप में**

1. बालाघाट में आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर उपभोक्ताओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य पर कार्यशाला हुई ।
2. उज्जैन जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि जिले में 7 दिसम्बर से इस साल 24 मार्च तक 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान चलाया जा रहा है और पीड़ित लोगों को चिन्हित कर उपचार दिया जा रहा है।
3. सीहोर जिले में दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत माह अप्रैल के लिए हितग्राहियों को पका हुआ भोजन प्रदाय करने के लिए गेहूं चावल का आवंटन प्रदाय किया गया है।

4. नीमच के  ग्राम जमुनिया कलां में कल आयुष चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है।

5. कटनी में अवैध वेंडरों और बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्रियों के खिलाफ विशेष अभियान के तहत 2 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया.

6. मुरैना में 24 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय परिसर चम्बल कॉलोनी में एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा।

7. भोपाल में तुलसी मानस प्रतिष्ठान एवं रामायण केन्द्र द्वारा कल से तृतीय अंतरराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन का विषय 'भारतीय ज्ञान परंपरा में श्रीरामकथा' है।

8. गुना जिले में कार्य में लापरवाही बरतने पर मकसूदनगढ़ तहसील के पटवारी को निलंबित कर दिया गया है ।

9. आगरमालवा जिले के कानड़ में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस एक जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई है।

10. जबलपुर में  एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

-----------------------